# नौ इकाइयों को 1000 करोड़ की सब्सिडी व प्रोत्साहन भत्ता

## कैबिनेट के फैसले : नोएडा में फूड पार्क बनाने के लिए पतंजलि को मिले और दो साल

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** कैबिनेट ने औद्योगिक विकास के लिए नौ इकाइयों को दिए जाने वाले प्रोत्साहन भत्ते और सब्सिडी को मंजूरी दे दी। ये राशि करीब 1000 करोड़ रुपये है। इसके अतिरिक्त नोएडा में फूड पार्क बना रहे पतंजलि ग्रुप को दो साल का अतिरिक्त समय दिया गया है।

2012 की औद्योगिक नीति के तहत 8 इकाइयों को प्रोत्साहन भत्ता देय था। इन्हें कुल 877 करोड़ रुपये दिए जाएंगे, जिसे कैबिनेट ने ही झंडी दे दी। लखनऊ में बन रही अशोक लीलैंड की फैक्टरी को लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी किया जाएगा। इसके तहत कैपिटल सब्सिडी, स्टेट जीएसटी, विद्युत शुल्क में प्रतिपूर्ति और स्किल डेवलपमेंट पर प्रतिपूर्ति दी जाएगी। ये राशि लगभग 117 करोड़ रुपये है। नोएडा में फूड पार्क बनाने के लिए पतंजलि को दो वर्ष का अतिरिक्त समय दिया गया है। फूड पार्क बनाने की समयसीमा 2023 में खत्म हो गई थी। कंपनी ने कहा था कि कोविड काल के कारण समय से फूडपार्क नहीं बन पाया। इस पर उसे अतिरिक्त समय दिया गया है।



सीएम योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में दोनों डिप्टी सीएम भी मौजूद रहे। एजेंसी

### आजमगढ़ विकास प्राधिकरण का होगा सीमा विस्तार

**लखनऊ।** शहर में बढ़ती आबादी को आवासीय सुविधाओं देने के लिए सरकार ने आजमगढ़ विकास प्राधिकरण की सीमा के विस्तार करने का फैसला किया है। इससे संबंधित प्रस्ताव को मंगलवार को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। प्रस्ताव के मुताबिक आजमगढ़ विकास प्राधिकरण की सीमा में 483 नए गांवों को शामिल किया जाएगा। अब तक इसमें सिर्फ 159 गांव ही शामिल थे। ब्यूरो

### परिवहन निगम खरीदेगा 1120 बसें

**लखनऊ।** कैबिनेट की बैठक में मंगलवार को परिवहन निगम के बेड़े को मजबूत करने के लिए 500 करोड़ रुपया व्यय करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इससे निगम एक हजार डीजल और 120 इलेक्ट्रिक बसें खरीदेगा। ब्यूरो